Dairy Planet

DAIRY PLANET DIGEST

VOLUME 2 | ISSUE 1

SASHAKT NAARI, SAMRIDDH GAON

Dairy as a Catalyst of Change

Empowering Women.
Strengthening Rural Livelihoods.
Nourishing Communities.



DAIRY PLANET

A STRONGER DAIRY TOMORROW

WE ARE BUILDING MORE THAN A DAIRY PLATFORM.

People
Knowledge
Industry
Farmers
A Better Tomorrow

We are building an ecosystem where **technology meets opportunity**, **knowledge** meets **industry**, and dairy meets **impact**.

Dairy Planet Private Limited is a technology-driven agri-dairy consultancy working across the dairy value chain—from plant setup and process engineering to R&D, NPD, training, industry connect, and operational support.

We help turn ideas into **dairy** businesses, **knowledge** into **skills**, and **skills** into **opportunities**.

OUR FOUR PILLARS

01 CONSULTANCY

Build Better. Process Smarter.

Dairy Plants • Dairy Farms • R&D • NPD
Feasibility • Plant Design
Commissioning • Process Optimization

02 EDUCATION

Learn Today. Lead Tomorrow.

Courses • Training • Competitions
Technical Resources
For Students • Professionals
Entrepreneurs • Farmers

03 INDUSTRY CONNECT

Where Talent Meets Opportunity.

Events • Webinars • Industry Experts
Professionals • Students
Knowledge Exchange • Networking
Workforce Connect

04 IMPACT

Creating Value Beyond the Plant.

Farmers • Entrepreneurs • Students
Rural Communities
Skills • Productivity • Innovation
Sustainable Growth

FROM KNOWLEDGE TO IMPACT.

Whether you are **building a dairy plant, developing a product,** upgrading your skills, looking for the right talent, or exploring your next opportunity—
Dairy Planet is building the ecosystem to help you move forward.

DAIRY PLANET PRIVATE LIMITED
India's Dairy Knowledge & Consultancy Platform

EXPLORE. LEARN. CONNECT. GROW.

www.dairyplanets.com

DAIRY PLANET DIGEST

VOLUME 2 | ISSUE 1 | 2026

Founder
Abhay Kumar Dubey

Editor-in-Chief
Mr. Nilesh Vadhiya

Editorial Board
Dr. Nimisha Tehri (Managing Editor)
Dr. Anu Kumari (Managing Editor)
Ms. Urmila Parmar (Associate Editor)
Er. Ankur Trivedi (Associate Editor)
Ms. Nidhikumari H Patel (Associate Editor)
Mr. Dinesh A. Chaudhary (Associate Editor)

Design Team
Roushani Kumari

Publisher
Scribenex Publication

Email
editors@dairyplanets.com
admin@dairyplanets.com
consult@dairyplanets.com

Website
www.dairyplanets.com
www.dairyplanets.com/magazines

Social Media
Instagram: https://www.instagram.com/dairy_planet_/
WhatsApp: https://chat.whatsapp.com/Dhn2yDVXrKKLhebwVB2WNR
LinkedIn: www.linkedin.com/in/dairyplanet
YouTube: https://www.youtube.com/@DairyPlanet/featured

From Knowledge to Impact

Knowledge Industry People A Stronger Dairy Tomorrow

EDITORIAL NOTE

Dairy Planet Digest is a knowledge platform connecting dairy science, industry, entrepreneurship and the people behind India's dairy ecosystem.

FROM THE DESK

संस्थापक की कलम से

Dairy Planet Digest | Volume 2, Issue 1

प्रिय साथियों,

कभी एक छोटे से गाँव की सुबह की कल्पना कीजिए— हल्की धूप, गोशाला से आती घंटियों की आवाज़, और एक महिला जो अपने हाथों से दूध निकालते हुए केवल एक काम नहीं कर रही होती... वह **अपने परिवार का भविष्य गढ़ रही होती है**। भारत की असली ताकत शहरों की ऊँची इमारतों में नहीं, बल्कि **गाँव की उन महिलाओं में बसती है**, जो हर दिन अपने श्रम, साहस और संकल्प से एक नई कहानी लिखती हैं।

इसी भावना को समर्पित है *Dairy Planet Digest* का यह अंक— **"Sashakt Naari, Samriddh Gaon: Dairy as a Catalyst of Change"**। डेयरी केवल एक व्यवसाय नहीं है, यह एक **आंदोलन** है—
एक ऐसा माध्यम जो:

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है,
- छोटे किसानों को स्थिर आय देता है,
- और पूरे गाँव की अर्थव्यवस्था को गति देता है।

आज जब हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि **सशक्तिकरण केवल अवसर देने से नहीं, बल्कि विश्वास और संसाधन देने से आता है।** डेयरी इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यमों में से एक बनकर उभरा है।

इस अंक में, हमने उन पहलुओं को सामने लाने का प्रयास किया है जो अक्सर नजरअंदाज हो जाते हैं— छोटे डेयरी फार्म, जो ग्रामीण विकास का मजबूत आधार हैं; महिलाएँ, जो स्व-रोजगार के माध्यम से अपनी पहचान बना रही हैं; और दूध के वे सूक्ष्म पोषक तत्व, जो हमारे समाज को स्वस्थ और सक्षम बनाते हैं।

लेकिन इस अंक का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि— **बदलाव केवल नीतियों से नहीं आता, बदलाव लोगों से आता है।** और जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो केवल एक परिवार नहीं, **पूरा गाँव आगे बढ़ता है।** Dairy Planet का उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि हम ज्ञान, प्रेरणा और अवसरों के माध्यम से एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाएं, जहाँ से हर युवा, हर किसान, और हर महिला अपनी क्षमता को पहचान सके।

मैं इस अवसर पर सभी लेखकों, सहयोगियों, और पाठकों का आभार व्यक्त करता हूँ, जो इस यात्रा का हिस्सा हैं। आइए, हम सब मिलकर डेयरी को केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि **सशक्त भारत की नींव** बनाएं।

Abhay Dubey

(Abhay Kumar Dubey)

Message From Editor-in-Chief

Dairy Planet Digest | Volume 2, Issue 1

Dear Readers,

Before the first drop of milk reaches the glass, a story has already begun.

It begins in a village, often before sunrise—with a woman tending to her animals, a small dairy farmer planning the day's work, and a family depending on the morning's milk collection. What may seem like a simple daily routine is, in reality, part of a much larger story of livelihood, resilience, empowerment, and hope.

It is this story that we bring to you in Volume 2, Issue 1 of Dairy Planet Digest, themed "Sashakt Naari, Samriddh Gaon: Dairy as a Catalyst of Change."

This issue explores the many ways in which dairy touches rural life. From women's empowerment through agricultural self-employment to the potential of small dairy farms as models for rural development, we look at how grassroots opportunities can contribute to stronger families and more vibrant rural economies.

We also turn our attention to another essential dimension of dairy—human health. Milk is not simply a source of protein and energy; its micronutrients play an important role in nutrition. Understanding these components allows us to appreciate dairy from a broader perspective—one that connects the farm with the health and well-being of the consumer.

At the center of all these stories is a simple idea: development becomes meaningful when it reaches people.

A woman gaining greater economic independence, a small dairy farm becoming a sustainable livelihood, or a family benefiting from better nutrition—each represents a small step towards a stronger community.

At Dairy Planet Digest, our endeavor is to bring these stories, ideas, and insights together and create a platform that connects knowledge with practice, science with society, and the dairy industry with the people who sustain it.

As you explore this issue, we invite you to look beyond the glass of milk—to the hands that produce it, the families it supports, the communities it strengthens, and the possibilities it creates.

Because sometimes, the smallest drop can create the biggest ripple.

Nilesh Vadhiya

(Nilesh Vadhiya)

Table of Content

Section	Page No.
FROM THE DESK	
Founder's Message	4
Editor-in-Chief's Message	5
Theme Opener - Dairy as a Catalyst of Change	7
FEATURE SECTION | THE HEART OF THE ISSUE	
SASHAKT NAARI, SAMRIDDH GAON (डेयरी के माध्यम से परिवर्तन की नई धारा)	9
PEOPLE, FARMS & RURAL TRANSFORMATION	
छोटे डेयरी फार्म: ग्रामीण विकास का सशक्त मॉडल	25
Women Empowerment through Agricultural Self-Employment	31
SCIENCE, NUTRITION & THE FUTURE OF DAIRY	
The Milk Paradox: Inside India's 2070 Protein Explosion	37
मानव स्वास्थ्य में दूध के सूक्ष्म पोषक तत्व	44
FOOD SAFETY & THE DAIRY SYSTEM	
The 1-in-5 Question: Food Safety, Science and Supply Chains	49

DAIRY PLANET - BEYOND THE MAGAZINE

Dairy Business Model	61
About Dairy Planet Private Limited	62
Digitize Your Plant	64

STUDENT CORNER

Dairy Brain Boost	67
The Dairy Challange	68
Your Career In Dairy	69
Your Voice Matters	70
100-Word Dairy Impact	71

DAIRY PLANET DIGEST
VOLUME 2 | ISSUE 1 | 2026

SASHAKT NAARI, SAMRIDDH GAON

Stronger Women Stronger Villages

Dairy as a Catalyst of Change

What happens when a livelihood becomes **an opportunity?**

What happens when a woman becomes **an entrepreneur?**

What happens when a small farm becomes **the centre of a rural economy?**

In every village, there is a story of resilience. In every home, there is a woman who keeps that story alive. In every drop of milk, there is the potential to transform a family, a community and an entire region. Dairy has always been at the heart of India's rural life. But today, it is doing much more — it is creating opportunities, building confidence, enabling entrepreneurship and giving women a stronger voice in their communities. From small backyard farms to modern dairy enterprises, women are leading the change, managing resources, adopting new technologies and shaping a more prosperous and self reliant rural economy.

This issue of Dairy Planet Digest, "Sashakt Naari, Samriddh Gaon: Dairy as a Catalyst of Change", celebrates these inspiring journeys. It brings together real stories, expert perspectives, industry insights and practical knowledge on how dairy is empowering women and transforming rural India.

Through this issue, we aim to highlight the immense potential of women-led dairy initiatives, the role of innovation and skill development, and the collective efforts needed to make our villages more vibrant, inclusive and economically strong. Because when women grow, villages thrive and when villages thrive, the nation moves forward.

IN THIS ISSUE

- Stories of inspiring women in dairy
- Innovations and technologies enabling growth
- Models of women-led enterprises
- Skills, training and capacity building
- Industry perspectives and expert insights
- Policy, markets and opportunities for rural development

सशक्त नारी, समृद्ध गाँव: डेयरी के माध्यम से परिवर्तन की नई धारा

Abhay Kumar Dubey
(Founder, Director, Dairy Planet Pvt. Ltd.)
Vicky Kumari
(M. Tech, Dairy Technology, BSIDT, Patna and Admin, Dairy Planet Pvt. Ltd.)

भूमिका: बदलाव की वह सुबह जो गांव से शुरू होती है

भारत के ग्रामीण परिदृश्य में जब हम विकास की बात करते हैं, तो अक्सर सड़क, बिजली और शिक्षा की चर्चा होती है। लेकिन एक ऐसा परिवर्तन भी चुपचाप हो रहा है, जो न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रहा है—और वह है **डेयरी के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण।**

आज गांव की वह महिला, जो कभी केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थी, वही अब **दूध उत्पादन, पशुपालन प्रबंधन, सहकारी समितियों और उद्यमिता** के माध्यम से परिवार और समाज की आर्थिक धुरी बन रही है। यह परिवर्तन केवल आय तक सीमित नहीं है—यह आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और सामाजिक पहचान का भी विस्तार है। **"सशक्त नारी, समृद्ध गाँव"** कोई नारा नहीं, बल्कि एक वास्तविकता बनती जा रही है, और इस परिवर्तन के केंद्र में है—**डेयरी सेक्टर।**

पृष्ठभूमि: भारत का डेयरी परिदृश्य और महिला सहभागिता

भारत आज विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। वर्ष **2024-25 में भारत का कुल दुग्ध उत्पादन लगभग 247.87 मिलियन टन रहा,** जो वैश्विक उत्पादन का लगभग 25% हिस्सा है। जो की 3.58% के वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। (*Source: Basic Animal Husbandry Statistics, 2025*)

लेकिन इस विशाल उत्पादन के पीछे कोई बड़ी कॉर्पोरेट इंडस्ट्री नहीं, बल्कि **छोटे और सीमांत किसान हैं—** एवं सहकारिता मंत्रालय के एक रिपोर्ट के अनुसार इनमें **महिलाओं की भागीदारी लगभग 70% तक है** और आज लगभग **7.5 करोड़ महिलाएं डेयरी गतिविधियों में सक्रिय हैं** और यह संख्या पुरुषों की तुलना में लगभग 5 गुना अधिक है। पशुपालन आधारित ***SHG (Self Help Groups)* में महिलाओं की भागीदारी 80%** है। भारत में लगभग **8 करोड़ ग्रामीण परिवार डेयरी से जुड़े है।** यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि डेयरी केवल कृषि का पूरक नहीं, बल्कि ग्रामीण महिला अर्थव्यवस्था का मुख्य स्तंभ बन चुका है। (*Source: PIB, Ministry of Cooperation*)

मुख्य विश्लेषण: डेयरी कैसे बन रही है महिला सशक्तिकरण का इंजन

1. आर्थिक स्वतंत्रता: जब आय महिलाओं के हाथ में आती है

डेयरी फार्मिंग की सबसे बड़ी ताकत है—**दैनिक नकदी प्रवाह (Daily Cash Flow)**। जहाँ पारंपरिक कृषि आय मौसम और फसल चक्र पर निर्भर होती है, वहीं डेयरी से वर्ष भर हर दिन आय प्राप्त होती है। यदि लागत और पशुओं की संख्या के आधार पर देखा जाए, तो एक छोटे डेयरी फार्म (2–5 दुधारू पशु) से सभी खर्चे निकालने के बाद **शुद्ध मासिक लाभ ₹15,000 से ₹45,000 तक** Self Help Group (SHG) आधारित डेयरी नेटवर्क में महिलाएं प्रतिदिन लाखों लीटर दूध का व्यापार कर रही हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश का 'बलिहारी' और 'प्रेरणा' महिला डेयरी कॉपरेटिव नेटवर्क है। होता है, जबकि कुल मासिक राजस्व (Income) ₹35,000 से ₹90,000 तक जाता है। (*Source:* उत्तर प्रदेश दुग्ध विकास विभाग एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन (DAY-NRLM) प्रगति रिपोर्ट।)

Self Help Group (SHG) आधारित डेयरी नेटवर्क में महिलाएं प्रतिदिन लाखों लीटर दूध का व्यापार कर रही हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश का 'बलिहारी' और 'प्रेरणा' महिला डेयरी कॉपरेटिव नेटवर्क है। झाँसी की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी (Balinee Milk Producer Company) इसका सबसे सटीक उदाहरण है,

FROM SHG TO START-UP

A WOMEN-LED JOURNEY FROM MILK TO OPPORTUNITIES

When women come together, they don't just produce milk they build institutions, create brands and transform rural economies.

Stronger Women Stronger Dairy Stronger Communities

"From small savings to big opportunities — this is the power of women in dairy."

01 SHG

STRENGTH IN TOGETHERNESS

- Women form Self-Help Groups
- Small savings, big confidence
- Training and basic dairy management
- Collective decision-making

02 MILK COLLECTION

TURNING EFFORTS INTO INCOME

- Improved animal care and productivity
- Regular milk collection
- Better quality and hygiene
- Steady and fair income for women

03 PRODUCER ORGANISATION

A LARGER VOICE, A STRONGER MARKET

- From SHG to Milk Producer Organisation (MPO)
- Aggregation and bulk supply
- Access to better markets
- Better bargaining power
- Professional management

04 PROCESSING

ADDING VALUE, CREATING OPPORTUNITIES

- Small and medium-scale processing units
- Training in processing and quality control
- Production of value-added products
- Employment opportunities for local women

05 BRAND

OUR MILK, OUR IDENTITY

- Launching local and regional brands
- Consumer trust and quality assurance
- Diverse product range
- Showcasing women-led enterprises

06 ENTERPRISE

FROM DAIRY TO RURAL PROSPERITY

- Sustainable and scalable businesses
- Diversification into multiple products
- Market expansion and new opportunities
- Role models for future generations

WOMEN EMPOWERMENT · RURAL LIVELIHOODS · QUALITY NUTRITION · STRONGER COMMUNITIES · A SUSTAINABLE TOMORROW

Local Women. Global Possibilities.

जिसे NDDB (National Dairy Development Board) के सहयोग से शुरू किया गया था। यह पूरी तरह से महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा संचालित है और बुंदेलखंड समेत कई जिलों में हर दिन लाखों लीटर दूध का संग्रह कर रही है। इसी प्रकार **उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में महिलाओं ने SHGs के माध्यम से ₹5,000 करोड़ का डेयरी कारोबार खड़ा किया है और वे प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध का संग्रह कर रही हैं।** (source: उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) और 'महिला डेयरी सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ' (जैसे - बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, झाँसी) की वार्षिक रिपोर्ट।) जब यह आय सीधे महिलाओं के बैंक खातों में आती है, तो उसका उपयोग बच्चों की उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार के पोषण में सुधार और घर की आर्थिक स्थिरता के लिए किया जाता है। यही कारण है कि डेयरी को **"Income with Impact" मॉडल** कहा जाता है। नाबार्ड (NABARD) की 'स्टेटस ऑफ माइक्रोफाइनेंस इन इंडिया' रिपोर्ट (2022) के अनुसार, जिन ग्रामीण परिवारों में महिलाएं डेयरी और SHG गतिविधियों से जुड़ी हैं, वहाँ घरेलू और वित्तीय निर्णयों में उनकी भागीदारी 40% से बढ़कर 75% तक पहुँची है। (Source: NABARD - Status of Microfinance in India Report 2021-22; अध्याय: विमेन एम्पॉवरमेंट थ्रू कॉपरेटिव्स एंड SHGs)

छोटे डेयरी फार्म का वित्तीय विश्लेषण (राजस्व बनाम शुद्ध लाभ)

छोटे डेयरी फार्मों में पशुओं की संख्या के आधार पर लागत और शुद्ध लाभ का अनुमानित विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है। (यह गणना प्रति दुधारू पशु औसतन 12-15 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन और ₹50-55 प्रति लीटर की दर पर आधारित है):

पशुओं की संख्या	अनुमानित मासिक सकल आय (Total	मासिक परिचालन लागत (Feed,	शुद्ध मासिक लाभ (Net Profit)
2 पशु	₹30,000 – ₹35,000	₹12,000 – ₹15,000	₹15,000 – ₹20,000
3 पशु	₹45,000 – ₹52,000	₹18,000 – ₹22,000	₹27,000 – ₹30,000
5 पशु	₹75,000 – ₹87,000	₹30,000 – ₹37,000	₹45,000 – ₹50,000

नोट: परिचालन लागत में लगभग 60-70% खर्च केवल पशु आहार (हरा चारा, सूखा चारा और पशुआहार/दाने) पर होता है। यदि महिलाएं स्वयं श्रम करती हैं, तो लेबर का खर्च बच जाता है जिससे लाभ का हिस्सा बढ़ जाता है।
(*Souce: NDRI* (राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान) के छोटे डेयरी फार्मिंग आर्थिक व्यवहार्यता मॉडल पर आधारित।)

केस स्टडी: उत्तर प्रदेश का महिला डेयरी कॉपरेटिव मॉडल

- संगठन: उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) के तहत गठित महिला दुग्ध उत्पादक कंपनियाँ (जैसे- सोनभद्र की 'सोनकंचन', आजीविका प्रेरणा महिला डेयरी)।
- प्रभाव: इन कंपनियों का पूरा स्वामित्व और प्रबंधन ग्रामीण महिलाओं के हाथ में है। डिजिटल वेटिंग स्केल और ऑटोमैटिक मिल्क टेस्टिंग मशीनों के कारण बिचौलियों का शोषण खत्म हुआ है, जिससे महिलाओं को दूध का सही मूल्य सीधे उनके बैंक खातों में (Direct Benefit Transfer) मिल रहा है।

2. महिला उद्यमिता का विस्तार: SHG से स्टार्टअप तक

भारत में डेयरी सहकारी आंदोलन महिलाओं के लिए एक नई पहचान बना रहा है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में **2.3 लाख से अधिक** ग्राम स्तरीय डेयरी सहकारी समितियाँ (Dairy Cooperative Societies - DCS) संचालित हैं, जिनमें कुल सदस्यों में **महिलाओं की भागीदारी लगभग 35% है।** इसके अतिरिक्त, वर्तमान में देश में **48,000 से अधिक विशेष रूप से महिला-नेतृत्व वाली** (All-Women) डेयरी सहकारी समितियाँ जमीनी स्तर पर काम कर

रही हैं। (स्रोत: यह डेटा वर्ष 2024 के अंत तक के संकलित आंकड़ों पर आधारित है, जिसे 2024-2025 के भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (PIB) द्वारा जारी आधिकारिक रिपोर्ट "India's Dairy Sector - Anchoring Nutrition and Income Security" तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की वार्षिक रिपोर्ट से लिया गया है।)

मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (Milk Producer Organisation - MPO) इन्हें कानूनी रूप से **मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी** (Milk Producer Company - MPC) भी कहा जाता है। यह पारंपरिक सहकारी समितियों (Cooperatives) और आधुनिक कॉर्पोरेट गवर्नेंस (कंपनी अधिनियम) का एक अनूठा मिश्रित मॉडल है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की अनुषंगी इकाई **एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज (NDDB Dairy Services - NDS)** द्वारा देश भर में प्रचारित और स्थापित कुल **23 मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन्स (MPOs) में से 16 पूरी तरह से महिला-संचालित (All-Women MPOs) हैं।**

इस मॉडल की विशेषताएँ:

इन 16 महिला-संचालित MPOs के **बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (Board of Directors) के सभी सदस्य और अध्यक्ष केवल महिला डेयरी किसान ही हैं।** इन सभी 23 MPOs की कुल सदस्यता में **77% से अधिक** हिस्सेदारी महिलाओं की है। इसके प्रमुख उदाहरणों में राजस्थान की आशा महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और आंध्र प्रदेश/तेलंगाना की श्रीजा महिला मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन शामिल हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी अखिल-महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों में गिनी जाती हैं

केस स्टडी: 'श्रीजा' और 'आशा' डेयरी - ग्रामीण महिला स्टार्टअप्स का वैश्विक चेहरा

NDDB डेयरी सर्विसेज (NDS) के तकनीकी मार्गदर्शन में संचालित महिला MPOs का आर्थिक प्रभाव असाधारण है:

- **वैश्विक कीर्तिमान (श्रीजा डेयरी):** आंध्र प्रदेश की श्रीजा महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड आज दुनिया की सबसे बड़ी अखिल-महिला डेयरी कंपनी बन चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में **₹1,105.82 करोड़ का टर्नओवर** दर्ज करने वाली

इस कंपनी की मालिक और प्रबंधक 1.1 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं हैं, जो प्रतिदिन 6 लाख लीटर से अधिक दूध का व्यापार कॉर्पोरेट दक्षता के साथ कर रही हैं।

- **जनजातीय क्षेत्रों में बदलाव (आशा डेयरी):** राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कार्यरत आशा महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी ने मात्र ₹4 करोड़ से सफर शुरू कर **₹289 करोड़ से अधिक का टर्नओवर** हासिल किया है। इसकी 56,000 महिला सदस्य डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था के चलते बिचौलियों से मुक्त होकर सालाना औसतन ₹1,00000 की शुद्ध आय सीधे अपने बैंक खातों में प्राप्त कर रही हैं।

महिलाएं अब केवल श्रमिक नहीं, बल्कि निदेशक, प्रबंधक एवं उद्यमी बन दूध संग्रहण केंद्र चला रही हैं, स्थानीय ब्रांड बना रही हैं एवं पनीर, घी, दही जैसे उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। "लिज्जत पापड़" की तरह ही अब "ग्रामीण डेयरी ब्रांड" उभर रहे हैं। यह बदलाव दर्शाता है कि डेयरी अब केवल उत्पादन नहीं, बल्कि ग्रामीण महिला स्टार्टअप इकोसिस्टम बन रहा है।

3. रोजगार सृजन: गांव में ही अवसर

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन FAO की रिपोर्ट Small-scale dairy production: a way out of poverty के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर (Primary Production) डेयरी क्षेत्र में सुधार और आधुनिकीकरण के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रति वर्ष **लगभग 30 लाख (3 मिलियन) नए रोजगार** सृजित करने की क्षमता है अथवा एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (ASCI) की लेबर मार्केट इंफॉर्मेशन सिस्टम (LMIS) रिपोर्ट के अनुसार, भारत में डेयरी क्षेत्र प्रत्यक्ष और नियमित रूप से **84.7 लाख (8.47 मिलियन) से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है,** जिसमें से **71% से अधिक** सक्रिय भागीदारी महिलाओं की है। इसके अलावा, **यह क्षेत्र लगभग 8 करोड़ (80 मिलियन) ग्रामीण परिवारों** की आजीविका का मुख्य या सहायक आधार है।

FAO और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के मूल्य श्रृंखला अध्ययनों के अनुसार, ग्रामीण स्तर पर एक छोटा डेयरी फार्म (2-5 पशु) **2-3 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार** (पशु प्रबंधन, चारा कटाई और दुग्ध

निष्कर्षण) प्रदान करता है। इसके साथ ही, दुग्ध मूल्य श्रृंखला (Value Chain) के व्यापक आर्थिक प्रभाव के कारण प्रत्येक छोटे फार्म से जुड़े ग्रामीण इको-सिस्टम में 5-7 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। ये अप्रत्यक्ष रोजगार पशु आहार निर्माण, लॉजिस्टिक्स/परिवहन, कृत्रिम गर्भाधान (AI) सेवाओं, और स्थानीय दुग्ध प्रसंस्करण (खोया, पनीर, मिठाई निर्माण) के रूप में उत्पन्न होते हैं। यह स्थानीय रोजगार चक्र ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को गाँव में ही आर्थिक अवसर देकर शहरी पलायन (Urban Migration) को रोकने में प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

4. बिहार और उत्तर प्रदेश: महिला डेयरी क्रांति के केंद्र

उत्तर प्रदेश का स्टार्टअप मॉडल:

भारत का नंबर-1 दुग्ध उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बड़े पैमाने पर महिला उद्यमिता को बढ़ावा दे रहा है। उत्तर प्रदेश

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) की वर्ष 2026 की रिपोर्टों के अनुसार, राज्य के 31 जिलों में महिला SHGs द्वारा संचालित डेयरी नेटवर्क का संचयी कारोबार **₹5,000 करोड़ पार** कर गया है और प्रतिदिन **10 लाख लीटर दूध का संग्रह** हो रहा है। इस क्रांति का नेतृत्व गोरखपुर संभाग में **'श्री बाबा गोरखनाथ कृपा MPCL'** और तराई क्षेत्र में **'सृजन MPCL'** जैसी कंपनियाँ कर रही हैं, जो हजारों महिलाओं को बिना किसी बिचौलिये के सीधे कॉर्पोरेट बाजार से जोड़ रही हैं।

बिहार का सहकारी ढांचा:

दूसरी ओर, बिहार में **बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर फेडरेशन लिमिटेड (COMFED)** का **'सुधा डेयरी'** मॉडल कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को 70-80% तक ले गया है। विभाग और नाबार्ड (2026) के प्रभाव आकलनों के अनुसार, सुधा डेयरी की पारदर्शी भुगतान प्रणाली से बिचौलियों का अंत हुआ है। जहाँ सामान्य दुग्ध उत्पादकों की आय में **30% की स्थिर वृद्धि हुई है,** वहीं बेगूसराय (जो बिहार का 'दूध का कटोरा' कहा जाता है) और चंपारण जिलों में पूर्णत: महिलाओं द्वारा संचालित दुग्ध समितियाँ (Women Cooperatives) बैंकिंग और वित्तीय समावेशन का मुख्य केंद्र बन चुकी हैं। **बेगूसराय और चंपारण जैसे जिलों में** 'जीविका' समूहों के माध्यम से उन्नत पशुधन अपनाने वाली महिलाओं की आय में **400% तक का गुणात्मक सुधार देखा गया है।**

5. पोषण और स्वास्थ्य: 'दूध से विकास'

भारत में बाल कुपोषण को दूर करने में डेयरी क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, भारत में 5 वर्ष से कम आयु के 35.5% बच्चे

स्टंटिंग (कम लंबाई) और **32.1% बच्चे कम वजन** (Underweight) की समस्या से प्रभावित हैं।

पोषण सुरक्षा में डेयरी का योगदान: डेयरी पशु इस समस्या का एक व्यावहारिक और तत्काल समाधान प्रस्तुत करते हैं, क्योंकि दूध उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन A और B12 जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्राथमिक स्रोत है।

- घरेलू उपभोग में वृद्धि: इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट (IFPRI) के वैश्विक शोध अध्ययनों के अनुसार, दुधारू पशु रखने वाले ग्रामीण परिवारों में बच्चों के लिए **दूध की घरेलू उपलब्धता और दैनिक उपभोग गैर-डेयरी परिवारों की तुलना में दोगुनी (2x)** पायी गई है।
- कुपोषण में कमी: The American Journal of Clinical Nutrition के प्रभाव मूल्यांकन अध्ययनों के अनुसार, छोटे पैमाने पर डेयरी फार्मिंग अपनाने और दुग्ध उपभोग सुनिश्चित होने से पशुपालक परिवारों के बच्चों में **कुपोषण की समग्र दर में 20% से 30% तक की गिरावट** दर्ज की गई है। इस प्रकार, महिलाओं के नेतृत्व में संचालित डेयरी मॉडल केवल वित्तीय आय का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में मानव पूँजी और स्वास्थ्य विकास का एक सशक्त आधार भी है।"

इंटीग्रेटेड फार्मिंग और सस्टेनेबिलिटी: एक सम्पूर्ण मॉडल

छोटे डेयरी फार्म केवल दूध का उत्पादन नहीं करते, बल्कि ग्रामीण स्तर पर एक आत्मनिर्भर सर्कुलर इकॉनमी सिस्टम (Circular Economy System) का निर्माण करते हैं। यह मॉडल कृषि और पशुपालन के आपसी तालमेल पर आधारित है:

- गोबर → जैविक खाद (जीवामृत/वर्मीकम्पोस्ट) जो रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटाती है।
- मूत्र → प्राकृतिक कीटनाशक (नीमास्त्र/ब्रह्मास्त्र) जो जहरीले रसायनों का खर्च बचाते हैं।
- फसल अवशेष → पशुओं का चारा जो अपशिष्ट प्रबंधन को आसान बनाता है।
- बायोगैस → स्वच्छ ऊर्जा जो ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति देती है।

भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के राष्ट्रीय आकलनों के अनुसार, देश में अब तक 50 लाख से अधिक पारिवारिक बायोगैस प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश की रीढ़ डेयरी पशु ही हैं। यह मॉडल सीधे तौर पर संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDGs)—विशेषकर SDG 7 (सस्ती और स्वच्छ

ऊर्जा), SDG 12 (जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन) और SDG 13 (जलवायु कार्रवाई) के अनुरूप है।

जमीनी प्रभाव (एक व्यावहारिक उदाहरण):
ग्रामीण क्षेत्रों में 3 पशुओं वाला एक छोटा डेयरी फार्म प्रतिदिन लगभग 35-40 किलोग्राम गोबर और 20 लीटर गोमूत्र उत्पन्न करता है। महिला उद्यमी इसका उपयोग करके घर पर ही **'जीवामृत' और 'घनजीवामृत'** (जैविक खाद) तैयार करती हैं। इसे अपने खेतों में डालने से रासायनिक खादों (यूरिया/DAP) पर होने वाला **खर्च प्रति एकड़ ₹6,000 से ₹8,000 तक कम हो जाता है।** साथ ही, बायोगैस प्लांट से मिलने वाली स्लरी (Slurry) उत्तम दर्जे की खाद का काम करती है, जिससे खेती की लागत न्यूनतम हो जाती है और शुद्ध लाभ बढ़ जाता है।

भारत एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य
भारत का डेयरी मॉडल वैश्विक स्तर पर अपनी संरचना के कारण अद्वितीय है। यह पूरी तरह से एक **लघु-पशुपालक प्रणाली (Smallholder-based System)** है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के अनुसार, भारत में स्मॉलहोल्डर उन किसानों को माना जाता है जिनके पास मात्र 1 से 3 दुधारू पशु होते हैं। भारत के कुल दुग्ध उत्पादन का 80% से अधिक हिस्सा इन्हीं छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों के माध्यम से आता है। इसके विपरीत, यद्यपि अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के कुछ देशों में हजारों पशुओं वाले बड़े औद्योगिक और यंत्रीकृत फार्म हावी हैं।

अमेरिका मुख्य रूप से बड़े औद्योगिक और अत्यधिक यंत्रीकृत फार्मों (जैसे CAFOs - Concentrated Animal Feeding Operations) के लिए जाना जाता है, जहाँ प्रति फार्म औसतन 300 से लेकर कई हजार पशु होते हैं। हालांकि, अमेरिका के भीतर भी विस्कॉन्सिन (Wisconsin) और पेंसिल्वेनिया जैसे राज्यों में पारंपरिक पारिवारिक फार्म (Family Farms) आज भी मौजूद हैं, भले ही उनकी हिस्सेदारी घट रही है।

यूरोप की संरचना बहुत विविध है। जहाँ जर्मनी और फ्रांस में मध्यम आकार के पारिवारिक फार्म (औसतन 50-100 पशु) हावी हैं, वहीं नीदरलैंड और डेनमार्क अत्यधिक तकनीकी-गहन (Capital-intensive) हैं। इसके विपरीत, पूर्वी यूरोपीय देशों (जैसे रोमानिया या पोलैंड) में अभी भी छोटे पैमाने की पारंपरिक डेयरी फार्मिंग देखी जाती है।

लेकिन वहाँ भी आंतरिक विविधता मौजूद है (जैसे पूर्वी यूरोप में छोटे पारिवारिक फार्म और विस्कॉन्सिन, अमेरिका में सहकारी समितियाँ)। इस मॉडल का सबसे बड़ा आर्थिक अंतर यह है कि जहां पश्चिमी देशों में किसानों को उपभोक्ता मूल्य का केवल 35% मिलता है, वहीं भारतीय सहकारी नेटवर्क (जैसे अमूल मॉडल) **उपभोक्ता मूल्य का 55% से 75% हिस्सा सीधे ग्रामीण परिवारों** (विशेषकर महिला किसानों) के बैंक खातों में स्थानांतरित करता है।

FAO की रिपोर्टों के अनुसार, यह स्मॉलहोल्डर मॉडल औद्योगिक फार्मों की तुलना में अत्यधिक **रोजगार-गहन (Labour Intensive)** और सामाजिक रूप से अधिक समावेशी (Inclusive) होता है।

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था (GVA) में योगदान: भारत सरकार के नवीनतम Basic Animal Husbandry Statistics (BAHS) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पशुधन क्षेत्र देश के कुल **GVA (Gross Value Added) में 5.50% का योगदान** देता है। कृषि और संबद्ध क्षेत्र (Agriculture & Allied Sector GVA) के भीतर पशुधन की **कुल हिस्सेदारी 30.38% तक पहुँच चुकी है**, जिसमें से **केवल डेयरी मूल्य श्रृंखला का योगदान 25% से अधिक है।** यह दूध को धान और गेहूँ जैसी मुख्य फसलों से भी बड़ा, भारत का सबसे मूल्यवान एकल कृषि उत्पाद (Single Largest Crop/Commodity) बनाता है।

अवसर एवं चुनौतियाँ

विकास के प्रमुख अवसर:

- बढ़ती मांग का अनुमान: नीति आयोग (NITI Aayog) और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के मांग-आपूर्ति अनुमानों (Forecasts) के अनुसार, देश में दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग वर्ष 2030 तक 300 मिलियन टन तक पहुँचने का अनुमान है। इस मांग को पूरा करने के लिए घरेलू उत्पादन क्षमता का विस्तार अनिवार्य है।
- प्रीमियम और वैल्यू-एडेड सेगमेंट: केवल तरल दूध बेचने के बजाय मूल्य संवर्धित उत्पादों (पनीर, फ्लेवर्ड मिल्क, योगर्ट) की ओर झुकाव बढ़ रहा है। FSSAI के जैविक खाद्य मानकों के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंगऔर स्वदेशी गोवंश (जैसे गीर, साहीवाल) से प्राप्त A2 दूध का बाजार शहरी क्षेत्रों में एक प्रीमियम विकल्प के रूप में उभर रहा है, जो इसे पचाने में आसान (Digestive Comfort) होने के कारण उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किया जा रहा है।

क्षेत्रक की मुख्य चुनौतियाँ:

- इनपुट लागत का दबाव: डेयरी फार्मिंग की कुल परिचालन लागत का 60% से 70% हिस्सा केवल पशु आहार और चारे पर व्यय होता है। चारे की बढ़ती कीमतों के कारण सीमांत किसानों के शुद्ध लाभ मार्जिन में कमी आती है।
- उत्पादकता का तुलनात्मक संदर्भ: भारत में प्रति पशु औसत उत्पादकता 5-6 लीटर/दिन है, जबकि विकसित देशों में यह 20-30 लीटर/दिन तक देखी जाती है। हालांकि, यह तुलना सीधे तौर पर लागू नहीं होती; क्योंकि विकसित देशों का मॉडल एकल-नस्ल (जैसे उच्च दुग्ध क्षमता वाली HF गायों) और नियंत्रित वातावरण पर आधारित है। इसके विपरीत, भारत में दुग्ध उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा भैंसों (उच्च फैट युक्त दूध) और कम उत्पादकता वाले गैर-नस्ली (Non-descript) गोवंश से आता है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में चरम दुग्धकाल (Peak Lactation Stage) के दौरान वैज्ञानिक पोषण प्रबंधन और समय पर पशु चिकित्सा सेवाओं (कृत्रिम गर्भाधान, पैरा-वेट सेवाओं) की सीमित उपलब्धता उत्पादकता को प्रभावित करती है।
- बाजार की अस्थिरता: दूध एक जल्दी खराब होने वाली (Perishable) वस्तु है। शीत भंडारण (Cold Chain Infrastructure) की कमी और मौसमी बदलाव (फ्लश और लीन सीजन) के कारण दूध की कीमतों में आने वाला उतार-चढ़ाव छोटे पशुपालकों के दैनिक नकद प्रवाह को जोखिम में डालता है।

नीतियाँ और समाधान: सरकार और संस्थाओं की भूमिका

1. राष्ट्रीय स्तर की नीतियां एवं योजनाएं

- **NPDD (National Programme for Dairy Development - राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम):**
  - मंत्रालय: मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (भारत सरकार)
  - उद्देश्य व वर्तमान स्थिति: इसका उद्देश्य संगठित दुग्ध खरीद नेटवर्क को मजबूत करना, गुणवत्ता बढ़ाना और प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे का विस्तार करना है। सरकार ने 15वें वित्त आयोग चक्र के तहत इसे वर्ष 2025-26 तक के लिए संशोधित वित्तीय रूप से विस्तारित (outlay) किया है, जिसे आगे भी निरंतर रखा गया है। योजना के 'कंपोनेंट बी' (JICA समर्थित) के तहत ग्रामीण स्तर पर महिला डेयरी सहकारी समितियों (DCS) की स्थापना के लिए 90% तक की केंद्रीय सहायता/अनुदान (Grant-in-aid) का प्रावधान है।
- **AHIDF (Animal Husbandry Infrastructure Development Fund - पशुपालन अवसंरचना विकास कोष):**

THE WOMAN BEHIND THE MILK

Real People. Real Change.
Stronger Villages.

Behind every glass of milk is a story of hard work, resilience and quiet leadership. Across India's villages, women are not just part of the dairy value chain — they are the backbone of it.

From tending to animals at dawn to managing household nutrition, from milk collection to leading self-help groups and farmer producer organisations, women are transforming dairy from a daily chore into a powerful tool for income, empowerment and community growth.

This issue celebrates these women and explores how models in Bihar and Uttar Pradesh are showing the way — proving that when women lead in dairy, villages become stronger, families healthier, and rural economies more prosperous.

> "Dairy has given me not just income, but confidence, respect and a voice in my community."
>
> A Dairy Farmer, Bihar

BIHAR DAIRY MODEL

FROM SELF-HELP GROUPS TO RURAL PROSPERITY

In Bihar, women's self-help groups and dairy cooperatives are turning small-scale dairy into a reliable income source. Access to training, veterinary support, and organised milk collection is helping rural women become entrepreneurs, improve household nutrition, and invest in their children's education.

UTTAR PRADESH DAIRY MODEL

FROM TRADITION TO MODERN OPPORTUNITIES

In Uttar Pradesh, the dairy sector is creating new opportunities for women through cooperatives, Farmer Producer Organisations (FPOs) and value addition. From milk collection to processing and product diversification, women are moving up the value chain, strengthening their incomes and becoming key players in the state's growing dairy economy.

- मंत्रालय: मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (भारत सरकार)।
- वर्तमान स्थिति व बजटीय आवंटन: भारत सरकार ने ₹29,610.25 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ इस योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 तक विस्तारित किया है।
- वित्तीय सहायता:इसके तहत व्यक्तिगत उद्यमियों, MSMEs, डेयरी सहकारी समितियों और FPOs को डेयरी प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे और पशु आहार संयंत्र स्थापित करने के लिए बैंकों से मिलने वाले ऋण पर 3% ब्याज सबवेंशन (Interest Subvention) 8 वर्षों के लिए दिया जाता है।

- **White Revolution 2.0 (श्वेत क्रांति 2.0):**
  - घोषणा व मंत्रालय: इसकी आधिकारिक शुरुआत 19 सितंबर 2024 को केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय और डेयरी मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।
  - उद्देश्य: यह एक सहकारी-नेतृत्व वाला (Cooperative-led) मिशन है जिसका प्राथमिक लक्ष्य अगले 5 वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दुग्ध संकलन को 50% तक बढ़ाना है। इसका मुख्य फोकस देश भर में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियों (MPACS) और महिला दुग्ध समितियों को ₹40,000 की शुरुआती वित्तीय सहायता देकर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और स्थानीय रोजगार उत्पन्न करना है।

2. उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाएं (नन्द बाबा दुग्ध मिशन)

उत्तर प्रदेश सरकार अपनेनन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत राज्य में स्वदेशी गोवंश संवर्धन और महिला डेयरी उद्यमियों को लक्षित कर रही है:

- **नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना:**
  - पात्रता व स्वरूप: यह योजना राज्य के प्रमुख मंडलों में लागू है। इसके तहत लाभार्थी को 25 उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों (जैसे साहीवाल, गीर, थारपारकर या गंगातीरी) की व्यावसायिक डेयरी इकाई स्थापित करनी होती है। आवेदक के पास कम से कम 3 वर्ष का गो-पालन अनुभव और 0.20 एकड़ भूमि अनिवार्य है।
  - सब्सिडी: कुल परियोजना लागत (लगभग ₹62.50 लाख) पर 50% की भारी सब्सिडी (अधिकतम ₹31.25 लाख तक) तीन चरणों में डीबीटी (DBT) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में दी जाती है।

- **मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना:**
  - स्थिति व सब्सिडी: वित्तीय वर्ष 2026-27 के नवीनतम नियमों के अनुसार, छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह योजना अत्यधिक लोकप्रिय है। इसके तहत 10 स्वदेशी गायों की छोटी डेयरी यूनिट लगाने पर पशुपालकों और महिलाओं को ₹11.80 लाख तक की सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है।

वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम: नन्द बाबा मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को दुग्ध प्रसंस्करण, फैट टेस्टिंग और आधुनिक पशु प्रबंधन के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ताकि वे कुशल उद्यमी बन सकें।

3. बिहार सरकार की योजनाएं

बिहार सरकार अपने पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग तथा 'जीविका' (JEEViKA) नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय मदद दे रही है:

- समग्र गव्य विकास योजना (Samagra Gavya Vikas Yojana):
  - पात्रता व सहायता: यह बिहार के मूल निवासी ग्रामीण युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए है। इसके तहत 2, 4, 15 और 20 दुधारू पशुओं की कमर्शियल डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।

- सब्सिडी: सामान्य वर्ग के लिए50% सब्सिडी और अत्यंत पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति (SC) व अनुसूचित जनजाति (ST) की महिलाओं के लिए 70% से 75% तक की पूंजीगत सब्सिडी (Capital Subsidy) का प्रावधान है, जो ग्रामीण स्तर पर निवेश के जोखिम को बेहद कम कर देता है।

- **मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना (Mukhyamantri Mahila Udyami Yojana):**
  - सहायता राशि व वित्तीय स्थिति: इस योजना के अंतर्गत नया स्टार्टअप या लघु उद्योग (जिसमें डेयरी प्रोसेसिंग, खोया-पनीर निर्माण इकाइयाँ शामिल हैं) शुरू करने के लिए ₹10 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जाती है।
  - स्वरूप: इस ₹10 लाख में से ₹5 लाख का हिस्सा पूर्णतः कर-मुक्त अनुदान (Subsidy) होता है, और शेष ₹5 लाख का हिस्सा 0% ब्याज (Interest-Free Loan) पर होता है, जिसे आसान किश्तों में चुकाना होता है।

- **निःशुल्क गव्य प्रशिक्षण कार्यक्रम:**
  - COMFED (सुधा डेयरी) और प्रांतीय गव्य विकास कार्यालयों द्वारा महिला पशुपालकों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन और नस्ल सुधार (कृत्रिम गर्भाधान) के लिए ब्लॉक स्तर पर मुफ्त किट के साथ नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

भविष्य की दिशा: टेक्नोलॉजी और महिला नेतृत्व

आने वाले समय में भारत का डेयरी क्षेत्र एक बड़े तकनीकी और संरचनात्मक परिवर्तन का गवाह बन रहा है:

- **डिजिटल डेयरी इकोसिस्टम:** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के इंटरनेट आधारित डेयरी सूचना प्रणाली (i-DIS) और मिल्क ऐप्स के जरिए दूध के संकलन और भुगतान में पूर्ण पारदर्शिता लाई जा रही है। IoT मॉनिटरिंग और एआई (AI) आधारित रोबोटिक मिल्किंग सिस्टम से पशु स्वास्थ्य की रीयल-टाइम ट्रैकिंग हो रही है।
- **स्मार्ट फीडिंग व मिनी प्रोसेसिंग:** ब्लाक स्तर पर मिनी प्रोसेसिंग इकाइयाँ स्थापित करके ग्रामीण महिलाएँ स्वयं मूल्य संवर्धित उत्पाद (चीज़, फ्लेवर्ड मिल्क) तैयार कर रही हैं, जिससे उनका लाभ मार्जिन बढ़ रहा है।

केंद्रीय बजट नीतियां और पूरक अवसर:

- **लखपति दीदी पहल:** यह सरकार की एक व्यापक ग्रामीण आजीविका नीति (Livelihood Initiative) है, जिसका लक्ष्य SHG महिलाओं की वार्षिक आय ₹1 लाख पार ले जाना है। इस मिशन के तहत डेयरी और पशुधन क्षेत्र को महिलाओं के लिए आय सृजन का मुख्य जरिया बनाया गया है।
- **नमो ड्रोन दीदी (पूरक आर्थिक अवसर):** यद्यपि यह मुख्य रूप से कृषि सेवाओं के लिए है, लेकिन डेयरी क्षेत्र में यह महिला उद्यमियों को चारे की फसलों पर नैनो-फर्टिलाइजर्स के कुशल छिड़काव की सुविधा देती है, जिससे पशुओं के लिए पौष्टिक चारे की उपलब्धता सुधरती है।
- **बाजार लिंकेज व ई-कॉमर्स:** प्रांतीय स्तर पर 'शी-मार्ट' (She-Mart) जैसे आउटलेट्स और केंद्रीय स्तर पर सरस (SARAS) जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से महिला स्वामित्व वाले डेयरी उत्पादों को सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा रहा है।

वैश्विक मंच पर भारतीय महिला किसान: सहकारिता मंत्रालय और NDDB के राष्ट्रीय विजन के अनुसार, **डेयरी सहकारी समितियों (DCS) की कुल सदस्यता में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाकर 50% करने का रणनीतिक लक्ष्य रखा गया है।** इस घरेलू प्रयास को वैश्विक स्तर पर तब और मजबूती मिली जब संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 2026 को आधिकारिक रूप से 'अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' (International Year of Women Farmers 2026) घोषित किया। यह वैश्विक उत्सव ग्रामीण महिला डेयरी पशुपालकों के श्रम, उद्यम और नेतृत्व को नीतिगत और सामाजिक स्तर पर एक नई पहचान देने की दिशा में मील का पत्थर है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के मुख्य लक्ष्य:

वैश्विक खाद्य सुरक्षा और समानता का आर्थिक आधार

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की वैश्विक फ्लैगशिप रिपोर्ट "The Status of Women in Agrifood Systems" के नीतिगत विश्लेषण के अनुसार, कृषि में लैंगिक असमानता को दूर करना केवल एक सामाजिक अनिवार्यता नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ा आर्थिक अवसर भी है:

- 1 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक प्रगति: रिपोर्ट के आर्थिक परिदृश्यों (Scenarios) के अनुसार, यदि खेती में उत्पादकता और मजदूरी के स्तर पर व्याप्त लैंगिक अंतर (Gender Gap) को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था (Global GDP) में 1% की बढ़त होगी, जिससे **वैश्विक जीडीपी में लगभग $1 ट्रिलियन डॉलर का असाधारण उछाल आएगा।**
- खाद्य सुरक्षा का समाधान: महिलाओं को उत्पादन के साधनों पर पुरुषों के समान अधिकार मिलने से वैश्विक भुखमरी का सबसे व्यावहारिक समाधान निकलेगा, जिससे दुनिया भर के **4.5 करोड़ (45 मिलियन)** लोगों को खाद्य असुरक्षा के चंगुल से परमानेंट बाहर निकाला जा सकता है।

कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़

वैश्विक स्तर पर कुल एग्रीफूड कार्यबल में **महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 40%** है। लेकिन विकासशील देशों, विशेष रूप से **दक्षिण एशिया में काम करने वाली कुल महिलाओं का 71% और उप-सहारा अफ्रीका में 66% महिला श्रम बल पूरी तरह कृषि आजीविका पर निर्भर है।** विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में तो स्थानीय स्तर पर उपभोग होने वाले **60% से 80% भोजन का उत्पादन सीधे महिला किसानों के हाथों से होता है।** अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में यह अभियान दुनिया को याद दिलाएगा कि वैश्विक भूख को मिटाने और सतत खाद्य प्रणाली (Sustainable Food System) के निर्माण की असली चाबी ग्रामीण महिला उद्यमियों के पास ही है।

निष्कर्ष: जब महिला सशक्त होती है, तब गांव समृद्ध होता है

भारत का स्मॉलहोल्डर डेयरी मॉडल यह प्रमाणित करता है कि टिकाऊ ग्रामीण विकास केवल बड़े पूंजी-गहन उद्योगों से नहीं, बल्कि करोड़ों ग्रामीण महिलाओं के छोटे-छोटे संगठित प्रयासों (Production by Masses) से संभव है। जब एक महिला के हाथ में डेयरी का दैनिक नकद प्रवाह आता है, तो वह केवल दूध नहीं बेचती, बल्कि वह समाज में अपने सम्मान, बच्चों की उच्च शिक्षा और एक कुपोषण-मुक्त समृद्ध ग्रामीण भारत की नींव रखती है। जैसा कि अकादमिक अध्ययनों से सिद्ध है, "**जहाँ महिला उद्यमी आगे बढ़ती हैं, वहाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्थाएँ फलती-फूलती हैं।**"

5 सूत्रीय नीतिगत सिफारिशें:

1. **अनिवार्य महिला खाता भुगतान:** दुग्ध सहकारी समितियों और निजी डेयरियों को यह कानूनी रूप से बाध्यकारी करना चाहिए कि दूध के मूल्य का शत-प्रतिशत भुगतान केवल परिवार की महिला सदस्य के व्यक्तिगत बैंक खाते में ही डिजिटल रूप से (Direct DBT) ट्रांसफर किया जाए।
2. **पशु सखी नेटवर्क का संस्थागत विस्तार:** प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 'पशु सखी' के रूप में स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षित कर तैनात किया जाए, जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान (AI) और नस्ल सुधार सेवाओं के लिए सीधे प्रोत्साहन राशि दी जाए।
3. **कम्युनिटी फीड बैंक और साइलेज सब्सिडी:** चारे की उच्च लागत से छोटे किसानों को बचाने के लिए स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के माध्यम से 'सामुदायिक चारा बैंक' (Community Fodder Banks) की स्थापना की जाए और साइलेज मेकिंग मशीनों पर महिलाओं को 75% पूंजीगत अनुदान दिया जाए।
4. **महिला डेयरी क्लस्टर्स और वैल्यू एडिशन फंड:** ब्लॉक स्तर पर केवल महिलाओं द्वारा संचालित मिनी-प्रसंस्करण इकाइयाँ लगाने के लिए बिना गारंटी के ₹10 लाख तक के ब्याज-मुक्त ऋण (जैसा बिहार की मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना में है) का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार किया जाए।
5. **डिजिटल और वित्तीय साक्षरता अभियान:** नाबार्ड और बैंकों के सहयोग से महिला दुग्ध उत्पादकों के लिए विशेष डिजिटल साक्षरता शिविर लगाए जाएँ, ताकि वे मिल्क ट्रैकिंग ऐप्स, ई-कॉमर्स (SARAS पोर्टल) और डिजिटल बैंकिंग का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकें।

WOMEN IN DAIRY: THE BIG PICTURE

From Milk to Opportunities
Stronger Women, Prosperous Villages

INDIA'S DAIRY STRENGTH

247.87 million tonnes
Total milk production in 2024-25

~25%
Global share

3.58%
Annual growth rate

Source: Basic Animal Husbandry Statistics, 2025

WOMEN POWERING DAIRY

~70%
Women's participation in dairy activities

7.5 crore
Women actively engaged in dairy activities

5×
More women than men in dairy activities

Source: Ministry of Cooperation

SELF HELP GROUPS (SHGs)

80%
Women's participation in livestock-based SHGs

Source: Ministry of Cooperation

RURAL FAMILIES DEPEND ON DAIRY

8 crore
Rural families associated with dairy

Source: Ministry of Cooperation

FINANCIAL EMPOWERMENT

Decision-making participation increased **from 40% to 75%** in families where women are involved in dairy & SHGs

Source: UttaARD – Status of Microfinance in India Report 2021-22

IMPACT OF WOMEN'S INCOME

- Better education for children
- Improved healthcare
- Better nutrition for family
- Greater economic stability

SUCCESS STORY: UTTAR PRADESH

31 districts
Women SHGs built **₹5,000 crore** dairy business

10 lakh litres
Milk collected every day

Examples: Balihari, Prerna & Balinee Milk Producer Company (Jhansi)

Source: Uttar Pradesh State Rural Livelihood Mission (UPSRLM) and annual reports of women dairy cooperatives (e.g., Balinee Milk Producer Company, Jhansi)

FINANCIAL ANALYSIS OF SMALL DAIRY FARMS

No. of Dairy Animals	Estimated Monthly Total Revenue	Monthly Operating Cost (Feed, Health, Labor)	Net Monthly Profit
2 animals	₹30,000 – ₹35,000	₹12,000 – ₹15,000	₹15,000 – ₹20,000
3 animals	₹45,000 – ₹52,000	₹18,000 – ₹22,000	₹27,000 – ₹30,000
5 animals	₹75,000 – ₹87,000	₹30,000 – ₹37,000	₹45,000 – ₹50,000

Note: About **60–70%** of the operating cost is on animal feed (green fodder, dry fodder and concentrate). If women contribute their own labor, labour cost is saved, which increases the profit margin.

